48194

संख्या– ——— /XXIV-C-2 / 2023–09(2)23

प्रेषक,

**शैलेश बगौली,**
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

**निदेशक,**
उच्च शिक्षा निदेशालय,
हल्द्वानी (नैनीताल)।

उच्च शिक्षा अनुभाग–2 देहरादून दिनांक 11 सितम्बर, 2023

**विषयः–उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद (EDII) द्वारा सहायतित 'देवभूमि उद्यमिता योजना' संचालित किये जाने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के प्रावधानों के अधीन उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत राज्य विश्वविद्यालयों एवं राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के उद्यमिता गुणों के विकास एवं उच्च शिक्षा के व्यापक संवर्धन हेतु भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद (EDII) के सहयोग से **'देवभूमि उद्यमिता योजना'** निम्नांकित सारणी में उल्लिखित वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार निम्नानुसार संचालित किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

(धनराशि रूपये लाख में)

| Sl. No. | Intervention | Yearly Financial Support |
|---|---|---|
| 1 | Boot Camps to Business Plan Creation at Institution Level [40 Boot camps Yearly] | 26.40 |
| 2 | Sensitization Workshops for Vice-Chancellors, Principals, Leading Educationists & Govt. Officials [One Workshop Every Year] | 1.05 |
| 3 | Start-up Entrepreneurship Faculty Mentor Development Program [90 every year] | 20.25 |
| 4 | Project Profiles on Emerging Start-up Opportunities [100 Profiles every year] | 15.00 |
| 5 | Mega Start-up Event and Seed funding to Student Start-ups [One event every year] | 49.25 |
| 6 | Center of Excellence [CoE] in Entrepreneurship<br>a. Grant support to 10 Institutions @ Rs. 5.00 Lakh Each Year, Each Institution (5x10=50 Lakh)<br>b. EDII Teams' Honorarium (2 Faculty and 2 Project Staff) (Rs. 55 Lakh Per Year)<br>c. Miscellaneous (Stationery, Travel, Communications, Meetings) (Rs. 7.5 Lakh Per Year) | 112.50 |
| 7 | Devbhoomi Udyami Yojana Under Higher Education Department [Training of 3000 Youths per year] | 412.50 |
| 8 | Dashboard [New Dashboard will be developed if there is no such dashboard available, in case there is already a dashboard available for a similar purpose the data from this project will be uploaded on the existing dashboard and a new Portal will be developed to disseminate information and knowledge products.]<br>[Only maintenance cost will be applied after Dashboard is ready.] | 75.00<br>OR<br>Actual &<br>One Time |
| 9 | Activities in Start-up Ecosystem Development | Team EDII |
| 10 | Vocational and Entrepreneurship Courses as Per NEP 2020 | Team EDII |
| | **Total** | **711.95** |

(रू0 सात करोड़ ग्यारह लाख पिचान्नबे हजार मात्र)

2– प्रस्तावित योजना हेतु प्रावधानित धनराशि का व्यय किए जाने हेतु समय–समय पर निर्गत समस्त सुसंगत वित्तीय नियमों/प्रक्रियाओं एवं अधिप्राप्ति नियमावली, 2017 (यथा संशोधित) का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3– संस्थान के साथ हुए समझौते के क्रियान्वयन का प्रभावी अनुश्रवण करते हुए योजना के Mid Term Review की व्यवस्था भी की जायेगी, जिससे कि योजना की उपादेयता के सम्बन्ध में सुनिश्चित हुआ जा सके।

4– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय आय–व्ययक के अनुदान संख्या 11 में राजस्व पक्ष के लेखाशीर्षक 2202–सामान्य शिक्षा–03–विश्वविद्यालय तथा उच्चतर शिक्षा–800–अन्य व्यय–18–उद्यमिता, कौशल एवं नवाचार को बढ़ावा–42–अन्य विभागीय व्यय मद से वहन किया जाएगा।

5– यह आदेश वित्त अनुभाग–3, उत्तराखण्ड शासन के कम्प्यूटर जनरेटेड सं0–I/151647/2023, दिनांक 04/09/2023 से प्राप्त सहमति/परामर्श से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(शैलेश बगौली)
सचिव।

संख्या–152753 (1)/ XXIV-C-2/2023–09(2)23 तददिनांकित।

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार (ऑडिट) उत्तराखण्ड, कौलागढ रोड, देहरादून।
2. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
3. निजी सचिव, मा0 उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
4. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तराखण्ड।
5. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
6. सम्बन्धित कोषाधिकारी।
7. समस्त कुलपति/कुलसचिव, राज्य विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड।
8. समस्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, उत्तराखण्ड द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा।
9. महानिदेशक, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद, गुजरात।
10. निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड।
11. अनुभाग अधिकारी, वित्त अनु0–3/नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
12. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(दीपक कुमार)
अनु सचिव।